विदिशा। होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के अधिकारी, जवानों और उनके परिजन के लिए मुफ्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट मयंक कुमार सैन के नेतृत्व में आयोजित शिविर में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया। जिला चिकित्सालय के 12 चिकित्सकों व स्टाफ ने नेत्र, दंत, स्त्री, हृदय व महिला रोग संबंधी जांच व परामर्श दिया।

लंबित केस में त्वरित निराकरण के निर्देश

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सर्किट बैठक में सात्यांश व न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों की नियमित समीक्षा, अद्यतन रिकॉर्ड संधारण और समय पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। एक वर्ष से अधिक पुराने प्रकरणों को प्राथमिकता से निपटाने पर विशेष बल दिया गया।

खेलवृत्ति के लिए 31 मई तक आवेदन

विदिशा। मप्र शासन 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान पाने वाले खिलाड़ियों को खेलवृत्ति देगी। आवेदक की आयु 1 अप्रैल 2026 को 18 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

बेतवा उद्गम पुनर्जीवित करने वेब मीटिंग आज

विदिशा। बेतवा नदी के उद्गम स्थल को पुनर्जीवित करने के लिए बेतवा नदी पर लगातार चिंता करने वाले समूह के द्वारा रविवार सुबह 10 मीटिंग की सीमा संभावित आवश्यक पारीबाल और डॉ सुरेश गर्ग व विदेशी में कारगर करने वाले इस वेब मीटिंग में शामिल होंगे। (उद्गमेबेतवाजल हमबहसम बबउ) इस-वी-हाथ मीटिंग में शामिल होने के लिए रविवार की सुबह 8:30 बजे इस लिंक का उपयोग कर सकते हैं।

टीईटी विरोध, शिक्षक 8 को निकालेंगे रैली

विदिशा। अनिवार्य की शर्त को समाप्त कर बाल हित में अध्यापक शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने तय किया गया है कि 8 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रदर्शन एवं रैली निकाली जाती। जिसकी तैयारी के लिए एकत्रित हुए सभी पदाधिकारी मध्यनिकायकर्मचारी के पूरे जिले के शिक्षक साथी रैली में भाग लेंगे जैसा मार्च प्रतिमा पर सभी लोग एकत्रित हो कलेक्ट्रेट तक रैली निकालेंगे।

जिला शतरंज संघ की बैठक आज होगी

विदिशा। सिंधुर सुबा 10 बजे मल्टीपल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स में जिला शतरंज संघ की बैठक होगी। बैठक में जिला शतरंज संघ को अगले सीजन प्लेयर सहित सभी पदाधिकारी शामिल होंगे औलंपिक खेल के जिलेवार भाग ने सभी से बैठक में उपस्थित होने की जीत करते हुए बताया है कि बैठक में राज्य स्तरीय सामंत प्रतियोगिता का आयोजन।

भूसा से भरी ट्राली से हुआ एक्सीडेंट, दो घायल

विदिशा। रामकाना कारिया रोड स्थित ग्राम सुजानिया के समीप एक कंटकर गाल की एल एक महिला और पुरुष है। गांव के सर्वांग प्रीतम सिंह ने एंबुलेंस व घायलों को जिला ताल मिल है। गांव वालों का कहना है कि प्रतिबंध होने के बावजूद भूसे से भरी ट्रालियों में परिवहन किया जा जी है। इससे वाहन सवारी को सड़क ही नजर नहीं आती है और इस तरह इसी से

अरिहंत विहार कॉलोनी फेस:3 में वारदात, शादी में गए परिवार के सूने

से 15 तोला सोना, डेढ़ किलो चांदी चोरी, तंत्र-मंत्र -मंत्र सिंदूर लगा नोट, पाना छोड़ा

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

शहर की मीरा कॉलोनी अरिहंत विहार फेज-3 में चोरों ने सूने से लाखों के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। अलमारी में रखे लगभग 15 तोला सोने के जेवरात और डेढ़ किलो चांदी के आभूषण व कीमती चीजें चोर ले गए। गहने में रखी 15 हजार की नकदी भी ले उड़े। चोरों ने इस वारदात को इतनी सफाई से अंजाम दिया कि बाहर का ताला टूटा बिना ही घर के अंदर प्रवेश कर गए और तीनों मंजिलों में रखे कीमती सामान को समेट ले गए। जाते-जाते सिंदूर लगा 20 - का नोट और एक पाना छोड़ गए।

अरिहंत विहार कालोनी निवासी राजीव जैन अपने साले की बेटी की शादी में शामिल होने 31 मार्च को सपरिवार बेगमगंज गए थे। घर पर ताला लगा था। शुक्रवार रात करीब 9 बजे जब वे लौटे और भीतर गए

पीड़ित बोले- बच्चों के भविष्य के लिए जोड़ा था तिनका-तिनका, सब चोर ले गए

तब चोरी का पता चला। राजीव जैन ने थाने वालों को बताया वह एक विनिवेश संस्था चलाते हैं और इनिमि घर बना करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। पुरानी जेवर और कुछ सामान गैर अपनी मेहनत की कमाई से बच्चों के भविष्य के लिए जोड़कर रखा था, जिसे चोर पल भर में लूट ले गए। सिंदूर लगे नोट को देखते सुविधाकर्मी।

पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची

सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी अनंत राय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया, जिसने फिंगर प्रिंटस और अन्य तकनीकी साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस आसपास के घरों और सड़कों पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि संदिग्धों की पहचान की जा सके।

चोर जाते-जाते छोड़ गए तंत्र मंत्र का सामान

सबसे हैरान करने वाली बात चोरों द्वारा छोड़े गए सामान हैं। चोरों ने बेड पर सामान बिखेरने के साथ ही वहां कुछ चीजें छोड़ी हैं, जो किसी तंत्र-मंत्र -मंत्र या किसी खास निर्देश की निशानी की ओर इशारा कर रही हैं। मौके से पुलिस को सामान मिला है जिसमें सिंदूर लगा 20 रुपए का नोट, मैथेमिक टूल (पाना) और दो अलमारी की चाबी और एक पेन जो संभवतः चोरों का गिर गया या वे जानबूझकर छोड़ गए।

जंगले से एंट्री और छत से निकले

चोरों ने घर में घुसने के लिए मुख्य गेट के बगल में स्थित जंगले (खिड़की की जाली) का सहारा लिया। चोर जंगले के रास्ते अंदर घुसे थे और वारदात को अंजाम देने के बाद छत के रास्ते निकल गए।

जल्द करेंगे खुलासा

मामला रेकी के बाद की गई चोरी का लग रहा है। मौके से कुछ औजार और एक सिंदूर लगा नोट मिला है, जिसकी जांच की जा रही है। हमने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और तलाश के लिए अलग-अलग टीमें लगाई गई हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर मामला बेनकाब किया जाएगा।

—आनंद राज, थाना प्रभारी, विदिशा

इंस्टाग्राम पर प्रेम के चलते युवती ने लाइव वीडियो के साथ फांसी लगाई

डीआर संवाददाता ✍ लटेरी, विदिशा

सोशल मीडिया की भ्रामक दुनिया कब किसी इंसान-खेलते परिवार की खुशियां उजाड़ दे, कहा नहीं जा सकता। लटेरी के ग्राम कराली रोहू में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवती अपनी शादी के कार्ड बंटने से पहले ही मौत को गले लगा लिया। 5 मई को उसकी शादी थी। ने प्रारंभिक जांच में मामला इंस्टाग्राम पर शुरू हुई एक प्रेम कहानी और उसके दुखद अंत की ओर इशारा कर रहा है। घटना से पहले युवती ने युवी के अपने प्रेमी को लाइव वीडियो कॉल किया और फांसी लगा ली। घबराए प्रेमी युवक ने युवती की मां को फोन पर इसकी सूचना दी। जब मां उसके कमरे में पहुंची तो युवती फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

परिजन के अनुसार घटना वाली रात सब कुछ सामान्य था। मृतका ने रात करीब 9 बजे परिवार के सभी सदस्यों के साथ बैठकर खाना खाया। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चली गई। रात करीब 11 बजे जब युवती की भाभी कमरे की ओर गई, तो वहां का मंजर देखकर चीख पड़ी। युवती फंदे पर लटकी हुई थी। उसे नीचे उतारा गया, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

कराली की घटना, प्रेमी युवक ने युवती की मां को फोन पर दी सूचना

युवक के बड़े भाई ने बताया कि घटना के बाद जब उसने बहन का मोबाइल चेक किया, तो उन्हें चौंकाने वाली जानकारी मिली। युवती की इंस्टाग्राम के जरिए उत्तर प्रदेश के किसी युवक से गहरी दोस्ती थी। दोनों के बीच लगातार बातचीत और मीटिंग हो रही थी। परिजन का कहना है कि उन्हें इस बारे में पहले भनक नहीं थी। भाई के अनुसार। रात एक पल बिल्कुल ठीक थी, अचानक उसने ऐसा कदम क्यों उठाया, यह मोबाइल की जांच के बाद ही पता चलेगा।

5 मई को थी शादी, चल रही थी तैयारियां

युवती की शादी मुख्य तिथि से तय हो चुकी थी। घर में शादी की तैयारियां जोरों पर थीं, रिश्तेदारों को न्यौते भी भेजे गए थे। 5 मई को बारात आनी थी, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था।

शराब दुकान गली में शिफ्ट, साहब वहीं रहने दिया जाए- ज्ञापन सौंपा

विदिशा। पैलेस मिल चौराहे पर स्थित शराब दुकान को भई जगह शिफ्ट किए जाने पर रहवासियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासन का आभार माना और दुकान को वहीं गली में रहने दिया जाए यह मांग भी रखी। पैलेस मिल चौराहे पर पिछले तीन सालों से संचालित हो रही शराब दुकान को इस बार नए ठेके के साथ कुछ आगे ले जाकर में रोड से गली में अंदर शिफ्ट किया गया है

तीन संदिग्ध हथियार सहित पकड़ाए

डीआर संवाददाता ✍ लटेरी

जिले के लटेरी क्षेत्र में शनिवार की दुपहर और शाम को एक बड़ी कार्रवाई होने से इलाके में हड़कंप मच गया। मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने तीन संदिग्ध युवकों को घेरा। जब पुलिस ने पूछताछ की तो तीनों ने पहले तो पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की, लेकिन सख्ती दिखाते ही तीनों टूट गए और अपराध कबूल कर लिया। उनके कब्जे से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस और एक मोटर साइकिल बरामद की गई। जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को पकड़ा।

मौके के साथ मोटर से जा रहे थे लगी जानकारी पाकर की पुलिस ने पास उन्हें रोकने का प्रयास किया था। इसके बाद लोकेन सिंह सहित युवकों के घर में साथ के कारण प्रीतम सिंह पाल को सूचना दी। इसके बाद शामिल को जनपदीय कार्रवाई पर सक्त हुआ, जिसके बाद शामिल ने एक्युट होकर तीनों को पकड़ लिया। मुखे लटेरी पुलिस को सूचना दी गई जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को पकड़ा।

जनपद पंचायत सिरोंज में स्व सहायता समूहों की पहल, नरवाई प्रबंधन को मिल रही गति

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

सिरोंज जनपद पंचायत में स्व सहायता समूहों द्वारा नरवाई प्रबंधन को लेकर प्रभावी कार्य किया जा रहा है। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित समूह किसानों को फसल अवशेष न जलाने के लिए जागरूक कर रहे हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सिरोंज क्षेत्र में गंगा बाई सरस्वती स्व सहायता समूह कन्हईखेड़ा सहित कई स्व से इस अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं। ये समूह ग्राम गनेडा एवं भौरा क्षेत्र में किसानों के साथ मिलकर नरवाई प्रबंधन के कार्य कर रहे हैं। समूह की महिलाओं द्वारा स्ट्रॉ रीपर एवं रोटावेटर जैसी मशीनों के माध्यम से खेतों में नरवाई का प्रबंधन किया जा रहा है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, इन समूहों के पास 48 एचपी तक के ट्रैक्टर और स्ट्रॉ प्रबंधन से जुड़ी मशीनें उपलब्ध हैं, जिससे बिना नरवाई जलाए खेत की नरवाई से भूसा तैयार किया जा रहा है। महिलाओं ने बताया कि इस पहल से जहां पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं किसानों की लागत भी कम हो रही है और मिट्टी की उर्वरता शक्ति बनी हुई है। धीरे-धीरे क्षेत्र के अन्य किसान भी इस मॉडल को अपनाने लगे हैं। प्रशासन ने इन प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि स्व सहायता समूहों की भागीदारी से सिरोंज क्षेत्र को नरवाई मुक्त बनाने की दिशा में तेजी से कार्य किया

मोबाइल पर फर्जी पेमेंट, 2600 का सामान लेकर हुआ फरार

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

पुराना विदिशा शहर के श्रीराम नगर चौराहे पर स्थित किराना व्यापारी के साथ फर्जी दुगना दिखाकर धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित रवीश ठाकुर ने कोतवाली में अपने साथ हुई ठगी की लिखित शिकायत की है।

रवीश ने पत्रकार को बताया कि उनकी दुकान पर एक युवक पुलिस लिखा हुआ ट्रैक सूट पहनकर आया। उसने 2600 रुपए कीमत की मुहाल सामग्री और तेल की मांग की। इसके बाद मोबाइल स्क्रीन पर ऑनलाइन पेमेंट दिखाकर सामान ले गया। बाद में देखा तो पता चला कि भुगतान हुआ ही नहीं था। इस संबंध में रवीश ने अपने साथ हुई ठगी का पता चला।

इसके बाद वे कोतवाली पहुंचे और शिकायत के लिए लिखित आवेदन दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से जांच कर रही है।

शिशु विभाग में प्रत्येक शनिवार विशेष ओपीडी संचालित की जा रही

ऑटिज्म पीड़ित को सामाजिक मेलजोल और नजरें मिलाकर बात करने में कठिनाई महसूस होती, इसे समझें: डॉ एमके जैन

आईएपी विदिशा के सचिव डॉ० सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि व्यवहार और संचार आधारित थैरेपी बच्चों को दैनिक कौशल सिखाने में मददगार है। उपाध्यक्ष डॉ० शरद गेडाम ने विशेष शिक्षा, शारीरिक गतिविधियों और जरूरत पड़ने पर दवा उपचार की भूमिका बताई।

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

ऑटिज्म कोई बीमारी नहीं, बल्कि मस्तिष्क से जुड़ी आजीवन विकासात्मक स्थिति है जिसमें व्यक्ति के सोचने, समझने और संवाद करने के तरीके में भिन्नता होती है।

यह बात इंडियन एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) विदिशा के कार्य में पारदर्शिता बढ़ाती है और महिलाओं को नेतृत्व के अवसर मिलते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान तीन प्रक्रिया, किसान पंजीयन, गुणवत्ता परीक्षण, रिजर्वेशन संकलन एवं किसानों से सम्बन्ध जैसे विषयों को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया। विशेषज्ञों ने उपार्जन कार्य में अपने मौजूदा कुशलताओं और उनके समाधान के लिए नवीन प्रबंधन तकनीकों पर भी प्रकाश डाला।

और मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को आयोजित कार्यशाला को संबोधित किया।

ऑटिज्म गंभीर शिशु अवस्था से एडल्टहुड तक सहायता की एमके जैन ने कहा कि ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों को समझने और स्वीकार करने की जरूरत है।

ऑटिज्म का जीवन भूतपर्यन्त है। उन्होंने संभावित कारणों में आनुवंशिकता, गर्भावस्था के दौरान जटिलताएं, समयपूर्व जन्म और कम जन्म वजन जैसे कारकों का उल्लेख किया।

आईएपी की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और शिशु विभाग की प्रमुख डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि ऐसे बच्चों को सामाजिक मेलजोल, आंखों से संपर्क और संवाद में कठिनाई हो सकती है। विभिन्न विशेषज्ञ, स्पीच और ऑक्यूपेशनल थेरेपी से सुधार संभव है। अंत में डॉ गोपेश सिंगर ने आभार व्यक्त किया।

व्यवस्था

रबी विपणन मौसम 2026-27 की तैयारी में तकनीक, प्रबंधन और महिला सशक्तिकरण का समन्वय

नवाचारों के साथ विदिशा में गेहूँ उपार्जन प्रशिक्षण सम्पन्न, डिजिटल व पारदर्शी व्यवस्था की

डीआर संवाददाता ✍ विदिशा

रबी विपणन सीजन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूँ उपार्जन को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में जिला पंचायत सभागार, विदिशा में स्व सहायता समूहों एवं ग्राम संगठनों का प्रशिक्षण कार्यक्रम नवाचारों के साथ आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में आज जिला पंचायत के सभागार में संपन्न हुआ।

प्रशिक्षण में जिले के 25 स्व सहायता समूह, ग्राम संगठन, संकुल स्तरीय संगठन तथा

मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के विकासखण्ड एवं सहायक विकासखण्ड प्रबंधकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों/सहकारी बैंक, वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन, जिला खाद्य आपूर्ति एवं विपणन विभागकृषि अधिकारियों की सक्रिय सहभागिता रही।

इस बार प्रशिक्षण में व्यवस्थित तरीकों से साथ कई नवाचारों को शामिल किया गया।

उपार्जन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए डिजिटल पंजीयन, ऑनलाइन वेटा एंट्री, इलेक्ट्रॉनिक तौल प्रणाली तथा गुणवत्ता परीक्षण के आधुनिक तरीकों पर विशेष फोकस किया गया। इससे किसानों को समयबद्ध भुगतान और सही मूल्य सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी।

विशेष रूप से पुष्पा कुशवाह (अध्यक्ष, रानी लक्ष्मी बाई स्व सहायता समूह, भोपाल) द्वारा सफल उपार्जन केंद्र संचालन के व्यावहारिक अनुभव साझा किए गए।

उन्होंने बताया कि समूह आधारित प्रबंधन से कार्य में पारदर्शिता बढ़ती है और महिलाओं को नेतृत्व के अवसर मिलते हैं।

प्रशिक्षण के दौरान तीन प्रक्रिया, किसान पंजीयन, गुणवत्ता परीक्षण, रिजर्वेशन संकलन एवं किसानों से सम्बन्ध जैसे विषयों को व्यावहारिक उदाहरणों के साथ समझाया गया। विशेषज्ञों ने उपार्जन कार्य में अपने मौजूदा कुशलताओं और उनके समाधान के लिए नवीन प्रबंधन तकनीकों पर भी प्रकाश डाला।

समर्थन पर खरीदी में देरी और बिजली बिल वसूली पर नाराजगी

डीआर संवाददाता ✍ सिरोंज

बकाया वसूली के लिए बिजली कंपनी के कर्मचारी से परेशान कई किसान शनिवार को अनाज से भरे बोरे लेकर जिला रोड स्थित बिजली कंपनी के कार्यालय पर पहुंच गए। किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में बिजली कंपनी के कार्यालय पर पहुंचे। किसानों ने जनीन पर बैठकर कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

किसानों का कहना था गेहूं की उपज आ गई है लेकिन अभी तक सरकार ने समर्थन पर खरीदी शुरू नहीं की है। इस वजह से वह अपनी उपज नहीं बेच पा रहे। इधर कृषि उपज मंडी में किसानों की उपज को सही दाम नहीं मिल पा रहे। इसी बीच बिजली कंपनी द्वारा बकाया वसूली की जा रही है। बिजली कंपनी के लाइन मेन और अफसर अनाज के बोरे लेकर बिजली कर्मचारी पहुंचे किसान।

मंडूकाखेड़ी के साथ किसानों के पंपों वसूली करने पहुंच गई हैं। बकाया भुगतान नहीं करने पर लाइन काट रहे हैं। जबकि इन दिनों सब्जी और प्याज की फसल को पानी की आवश्यकता है। किसानों नहीं होने से कारण फसलों में पानी नहीं दे पा रहे। जिससे यह फसल खराब होने की स्थिति में पहुंच गई है।

कंपनी ने वसूली 1 महीने तक शिथिल करने का आश्वासन दिया किसानों का कहना था की

सरकार तो समर्थन मूल्य पर हमारी उपज नहीं खरीद रही लेकिन यदि बिजली कंपनी यदि तो अनाज के बोरों को सरकार अपनी बकाया वसूली कर सकती है। मारेबाजी के बीच ही बिजली कंपनी के अफसर मौके पर पहुंचे और किसानों से बकाया बिजली बिल की वसूली की प्रक्रिया 1 महीने तक शिथिल करने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने अपना प्रदर्शन खत्म किया।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहिड़ा, तलेन

वैशाख कृष्ण पक्ष-02,2082 राजगढ, दिन रविवार,दिनांक 05 अप्रैल,2026

न्यूज गैलरी

कर्मचारी संगठनों ने दिया समर्थन, मांग

राजगढ। विद्युत अभियंता संघ कार्यालय परिसर राजगढ़ में विद्युत मंडल कर्मचारियों ने 12 सूत्रीय मांगों के समर्थन में जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में कर्मचारी शामिल रहे। धरना प्रदर्शन को बालोदिया मजदूर संघ सहित कई कर्मचारी संगठनों ने पदाधिकारियों ने सम्बोधित किया। इस दौरान विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने कर्मचारियों की मांगों का समर्थन करते हुए शासन से समाधान की मांग की।

ई-टोकन से खाद वितरण के निर्देश

राजगढ। कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर शनिवार को जिलेभर में उर्वरक दुकानों का शासन नियंत्रण किया गया। संयुक्त टीम ने दुकानों पर पहुंचकर खाद वितरण, स्टॉक रजिस्टर व रिकॉर्ड की जांच की। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि किसानों को उर्वरक केवल ई-विकास पोर्टल या ई-टोकन प्रणाली के माध्यम से ही दिया जाए। कलेक्टर डॉ मिश्रा ने बताया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित किए जाएंगे।

महिला, युवती हुई लापता

ब्यावरा। सुवासिया थाना क्षेत्र से एक 44 वर्षीय महिला एवं 18 वर्षीय किशोरी के अचानक लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों के परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगने पर सुवासिया थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जानकारी के अनुसार, दोनों महिला और किशोरी घर से निकली थीं, लेकिन इसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल सका। परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी तलाश की, लेकिन कहीं भी जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस की मदद ली गई। सुवासिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ करने के साथ ही संभावित स्थानों पर खोजबीन कर रही है। वहीं परिजनों का कहना है—रोकर बुरा हाल है और वे जल्द से जल्द दोनों के सुरक्षित मिलने की उम्मीद जता रहे हैं।

मंदिर के पास युवक अचेत हालत में मिला

ब्यावरा। कुरावर के गुना हाईवे स्थित बालू श्याम मंदिर के पास रविवार को एक युवक अचेत अवस्था में मिला, जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार गोकुलपुरा निवासी 36 वर्षीय बाल बहादुर पिता लखमण सिंह का अपने परिवार के साथ जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते उसने शराब के नशे में परिजनों को गोबाइल पर घर में धमकी दी। परिजनों ने इसकी सूचना सिटी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अचेत हालत में पाकर तुरंत सिविल अस्पताल ले जाया गया।

हनुमान जन्मोत्सव रू झांकियां और जयकारे गूंजे

ब्यावरा। कस्बे में हनुमान जन्मोत्सव का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री बजरंग युवमंडल समिति व जनकल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में भव्य शोभा यात्रा निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण शामिल हुए। यह समारोह श्री शुक्लाजी की खेड़ापति हनुमान मंदिर से हुई।

इन दुकानों पर अब आबकारी विभाग जिम्मेदारी निभाते हुए विक्रय करवाएगा मदिरा

राजगढ़ जिले में 24 शराब दुकानों का किसी ठेकेदार ने नहीं लिया

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए घोषित नवीन आबकारी नीति के अंतर्गत अब तक कुल 133 मदिरा दुकानों के ठेके दिए जा चुके हैं और शेष दुकानों पर संबंधित ठेकेदारों विचार जा रहा है। इस निमित्त इस शराब का विक्रय आदेश माइंदेर से अब तक लगभग 176 करोड़ रुपये का राजस्व सुनिश्चित किया गया है जो कि नवीन नीति के अनुसार प्रस्तावित राजस्व का लगभग 55 प्रतिशत है।

जिला आबकारी अधिकारी नितेश लाल एवं अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी अजय मादरे ने बताया कि जिले में कुल 157 शराब दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए थे। उक्त 157 में से 24 शराब दुकानों के लिए ठेकेदारों/एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई।

परन्तु शासन द्वारा निर्धारित 315 करोड़ रुपए का टारगेट/आवंटित कुल को विभाग कवर करेगा। जिन 24 दुकानों के टेंडर फिलहाल तक नहीं हुए हैं उन दुकानों का संचालन कलेक्टर डॉ. नितेश मिश्रा के निर्देशानुसार होमगार्डस व अस्थाई आउटसोर्स कर्मचारी करवाया जाएगा। आबकारी कर्मचारियों के जरिए

रिकॉल टेंडर की प्रक्रिया चलन में

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन 24 मदिरा दुकानों का ठेका न होने की वजह से 31 मार्च की रात्रि से ठेका समाप्त हो जाने पर आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए इन दुकानों का ठेका दिये जाने की प्रक्रिया (रिकॉल टेंडर) भी चालू है जो शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुसार ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन के द्वारा की जायेगी। इसी क्रम में शुक्रवार को लगभग 12 से चरण की कार्यवाही में 09 और दुकानों पर टेण्डर प्राप्त हुए है। प्रशासन व्यवस्थापन करने हेतु इनको जिला समिति अध्यक्ष कलेक्टर डॉ. नितेश के निर्देश पर विभागाध्यक्ष को प्रेषित किये जा रहे है। इनकी स्वीकृति हो जाने पर जिले की शेष 24 दुकानों को भी विभागीय नियंत्रण में है, जो रख जाएगा। भी शासन से प्राप्त निर्देशानुसार नीलामी पर

इसलिए नहीं लिए गए हैं ठेके

दरअसल, नई आबकारी नीति के तहत रखा गया वर्ष हुई टेंडर शर्तों में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर टेंडर दिए जाने हैं। जिन 24 दुकानों के टेंडर ठेकेदारों ने नहीं लिए उन दुकानों पर शराब की बिक्री बहुत कम मात्रा में हुआ करती है। ऐसे में 20 फीसदी राशि बढ़ाकर ठेका लेने में एजेंसियों ने दिलचस्पी नहीं दिखाई। हालांकि, अब रिकॉल टेंडर में रखा है कि जल्द उक्त दुकानों के टेंडर भी एजेंसियों द्वारा ले लिए जाएं।

इन दुकानों के टेंडर होना बाकी

जिन दुकानों के टेंडर रिकॉल किए गए हैं उनमें ब्यावरा सिटी, छत्रसाल, कुरावर मंडी, कुरवर कोठारी, नई आबादी कुरावर, नरसिंहगढ़ (बी), पचोर (बी), राजगढ़ पुरा, सुठालिया (बी), राजगढ़ पुरा सुठालिया (बी), आकोदिया, बोडा (बी), जिला अनंतपुरा, सिमोडा, नाहली, पिपलावौसर, सुसानी, भातरा एफ-2, जोगपुरा (बी), खिलचीपुर-2, कुरवर, पचोर.

टेंडर रिकॉल किए गए हैं। हालांकि अब रायपुर और इंदौर से ही इसलिए जब तक एजेंसी तय नहीं होती विभाग अपने स्तर से दुकानों का संचालन करवाएगा।

अजय मादरे, अतिरिक्त जिला आबकारी अधिकारी, राजगढ़

घेराबंदी कर पकड़ा तस्कर, 3.60 लाख की 36 ग्राम स्मैक जब्त

डीआर संवाददाता ▪▪ ब्यावरा

सिटी थाना पुलिस द्वारा शुक्रवार को गुना-ब्यावरा हाईवे पर राजगढ़ नागपुरा, बिल्क पेंडा के पास 36 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। स्मैक की कीमत लगभग 3.60 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने तस्कर को वाहन सहित गिरफ्तार कर एनडीपीएस के तहत कार्रवाई की है। सिटी थाना प्रभारी वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक युवक बाइक से स्मैक लेकर तस्करी के लिए आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने गुना हाईवे स्थित बिल्क पेंडा गेट के पास नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की। नाकाबंदी के दौरान एक संदेहास्पद बाइक सवार को रोका गया। पूछताछ के दौरान युवक के हावभाव संदिग्ध लगने पर उसकी तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से 36 ग्राम स्मैक बरामद हुई। मौके पर ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान भगवान सिंह पुत्र भूरा लाल तंवर (30) निवासी हमीरपुरा, थाना राजगढ़ के रूप में हुई। उक्त बाइक क्रमांक एमपी 38 एमआर 1228 से स्मैक लेकर जा रहा था। पुलिस की पूछताछ में यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि स्मैक कहां से लाई गई और किन लोगों तक पहुंचाई जानी थी। पुलिस का कहना है कि इस मामले में जुड़े अन्य तस्करों की तलाश भी की जा रही है। विस्तृत आरोपी को रिमांड पूछताछ की जा रही है। पर लेकर

ब्यावरा में बड़ा नशे स्मैकियों की गोलबंदी

शहर सहित जिले में स्मैक के नशे की बढ़ती कड़ी सख्त आ रही है। ब्यावरा के विभिन्न इलाकों में नशेड़ी स्मैक का सेवन करते देखे जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों में चिंता बढ़ रही है। सूत्रों का कहना है कि शहर में स्मैक की खरीदी-बिक्री का संगठित नेटवर्क सक्रिय हो सकता

राजस्थान से नशे की खेप आने की आशंका

सूत्रों के अनुसार जिले में राजस्थान से बड़ी मात्रा में अफीम मादक पदार्थों की खेप पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। यह तस्कर पड़ोसी जिले के विभिन्न शहरों में बनाया जाता है, इसके बाद अन्य जिलों तक भी पहुंचाया जाता है। बताया जा रहा है कि सिटी पुलिस द्वारा है। नशे की बढ़ती उपलब्धता और इसकी खपत को देखते हुए पुलिस की सख्ती हो गई

सगाई समारोह में जमीन विवाद पर हमला, भाजपा नेता गंभीर घायल

डीआर संवाददाता ▪▪ अरोडनगर

करनकाल थाना क्षेत्र के ग्राम दूधी में शुक्रवार दोपहर सगाई समारोह के दौरान पुराने जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प हो गई। चार आरोपियों ने पचोर के भाजपा नेता शेखर मगरवाड़े (50) पर लाठियों से हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। बीच-बचाव करने आई रीना बाई (26) को भी चोटें आईं।

घटना दोपहर करीब 2 बजे की है। मामलों की तत्काल खबर मिलते ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि आरोपी और पीड़ित आपस में रिश्तेदार हैं और 16 से 100 बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।

घटना के समय गांव में एक साथ कई सगाई समारोह चल रहे थे, जिससे बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे। इसी दौरान विवाद बढ़ा और हमला हो गया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश जारी है। थाना प्रभारी कमलेश सिंह ने उदल निरकारी का आश्वासन दिया है।

मिट्टी जांच की रिपोर्ट संदिग्ध, लैब की गुणवत्ता कमजोर, कलेक्टर हुए नाराज

डीआर संवाददाता ▪▪ खिलचीपुर

खिलचीपुर जिला मृदा सर्वेक्षण प्रयोगशाला के औचक निरीक्षण में व्यवस्थाओं की खामियां सामने आईं। कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा ने लापरवाह लैब पर्यवेक्षक मिट्टी परीक्षण प्रक्रिया का निरीक्षण किया, जहां गुणवत्ता नियंत्रण और रोग-रसायनों की स्थिति असंतोषजनक मिली।

इस पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी पर कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने परीक्षण की पूरी प्रक्रिया को देखा और अधिकारियों से इसकी विधि व उपयोगिता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को दी जाने वाली मृदा परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर ही खाद व उर्वरक का उपयोग तय होता है। ऐसे में रिपोर्ट की सटीकता अत्यंत आवश्यक है।

इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पारदर्शिता और गुणवत्ता पर दिया जोर कलेक्टर ने सभी निर्देश दिए कि मृदा परीक्षण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता व गुणवत्ता के साथ किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्रयोगशाला में स्वच्छता बनाए रखना भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि इससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होती है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि किसानों को सटीक व भरोसेमंद रिपोर्ट उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

बिजी भूमि पर गोशाला निर्माण का शुभारंभ

सुसनेर। जनपद पंचायत सुसनेर के सर्पंच ग्राम खेतपुर में किसान सेठ सिंह पिता तुकानसिंह ने अपनी निजी भूमि पर स्वयं के खर्च से गौशाला निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराई। गौशाला निर्माण का शुभारंभ पूर्व विधायक राजा बिक्रम सिंह ने गौपूजा करवाकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य कालूसिंह गणेशपुरा ने की। इस अवसर पर कार्यक्रम में सरपंच संघ के विक्रम सिंह और गौसेवक वर्धा राठौर उपस्थित रहे।

सुबह 3 घंटे बिजली कटौती मेंटेनेंस के कारण कलेक्ट्रेट सहित कई इलाकों की सप्लाई बाधित

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ़

राजगढ़ शहर के कलेक्ट्रेट विंग 33.11 केवी विद्युत उप स्टेशन पर आवश्यक रख-रखाव और मरम्मत कार्य के कारण रविवार, 5 अप्रैल को सुबह 8 बजे से 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह कटौती लगभग तीन घंटे की होगी, जिससे शहर के कई इलाकों और सरकारी कार्यालयों में विद्युत सप्लाई प्रभावित होगी।

विद्युत विभाग अधिकारी के अधिकारियों ने बताया कि यह शटडाउन में तकनीकी मरम्मत और रख-रखाव का कार्य किया जाना है। इस कार्य का उद्देश्य बिजली व्यवस्था को सुचारु और सुरक्षित बनाए रखना है, जिसके लिए निर्धारित समय के दौरान बिजली आपूर्ति बंद रखना आवश्यक है।

कलेक्ट्रेट परिसर, एसडीओ ऑफिस की प्रभावित

मरम्मत कार्य से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों में नेहा गोदाम, शिवकार मिल, कलेक्ट्रेट परिसर, एसडीओ ऑफिस, जिला पंचायत, स्टेडियम के पीछे का क्षेत्र, कलेक्टर, दुर्गापुर रोड, आरटीओ कार्यालय और पिछले सहित आसपास के कई इलाके शामिल हैं।

राजगढ़ क्षेत्र में विवाहिता तो सारंगपुर में फंदे पर झूला युवक, पड़ताल शुरू

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ़

राजगढ़ क्षेत्र के एक गांव में एक विवाहित महिला और सारंगपुर नगर में एक युवक द्वारा फांसी के फंदे पर झूल जाने की दो घटनाएं सामने आ गई।

दोनों मामलों में सूचना के तुरंत बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा व अन्य आवश्यक कार्यवाही, एफएसएल टीमों को मौके से साक्ष्य लेकर पोस्टमार्टम के लिए शिफ्टिंग एवं मर्ग कायम कर जांच में लिए गए।

30 वर्षीय विवाहिता फांसी पर झूली

राजगढ़ कोतवाली थानाक्षेत्र के तहत आ रहे ग्राम ब्रह्मपुरा में गुरुवार शाम करीब करीब चौथा तथा 30 वर्ष उम्र वाले एक युवक ने लगाया फिला। जानकारी लगने पर थाने की टीम मौके पर पहुंची और बॉडी को फंदे से उतारकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। पुलिस मामले की गहन विवेचना में लगी हुई है।

133 शराब दुकानों के ठेके से 176 करोड़ राजस्व तय

डीआर संवाददाता ▪▪ अरोडनगर

राजगढ़ जिले में नई आबकारी नीति 2026-27 के तहत शराब दुकानों के ठेकों की प्रक्रिया जारी है। अब तक 157 में से 133 कम्पोजिट शराब दुकानों के ठेके हो चुके हैं, जिससे सरकार को लगभग 176 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त होना तय है। यह कुल निर्धारित 315 करोड़ रुपए के राजस्व का करीब 55 प्रतिशत है।

ठेका प्रक्रिया के 11 चरण पूरे होने के बावजूद 24 दुकानों के लिए कोई ठेकेदार सामने नहीं आया। 31 मार्च को पुराने ठेकों की अवधि समाप्त होने के बाद इन दुकानों को आबकारी विभाग ने अपने नियंत्रण में ले लिया। राजस्व प्रभावित न हो और संचालन बाधित न हो, इसके लिए कलेक्टर डॉ. नितेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर इन दुकानों का संचालन किलनाल होमगार्ड के माध्यम से कराया जा रहा है।

इस बीच, 12वें चरण में 9 दुकानों के लिए टेंडर प्राप्त हुए हैं, जिन्हें जिला स्तरीय समिति के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। मंजूरी मिलने पर विभागीय नियंत्रण में चल रही दुकानों की संख्या कम हो जाएगी। शेष दुकानों के लिए लक्ष्य की ई-टेंडर और ई-ऑक्शन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। आबकारी विभाग ने सभी दुकानों से ठेके लाख मूर्त होने की उम्मीद जताई है।

0

बाल कल्याण समिति ने शिशु गोपाल महिला मंडल को सौंपा प्रशासन की सुरक्षित गोद में पहुंचा 2 माह पूर्व लावारिस हाल में मिला बालक

डीआर संवाददाता ▪▪ राजगढ़

करीब दो माह पूर्व खिलचीपुर क्षेत्र के निर्जन स्थान पर लावारिस हाल में मिले बालक को मुख्यालय स्थित एसएनसीयू (नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई) में भर्ती कराया गया था। बालक के एसएनसीयू में एडमिट किए जाने के बाद उसकी हालत बहुत नाजुक थी परन्तु 60 दिनों तक चले विशेष उपचार के बाद यह लावारिस बालक पूर्ण तरह स्वास्थ्य हो चुका है।

बच्चे को पूर्णतः स्वस्थ होने पर बाल कल्याण समिति अध्यक्ष सारंगपुर शर्मा एवं टीम ने इस बालक को आगे के पोषण हेतु प्रशासनिक रूप से संरक्षित आश्रय के लिए सुपुर्दगी दी। इस दौरान एसएनसीयू स्टाफ डॉ. आरएस बघुर, डॉ. दीप सेन टीम ने मातृत्व कर्मों में बालक को शिशुगृह के लिए स्वीकृत किया।

नियमानुसार की जाएगी दत्तक ग्रहण प्रक्रिया

बाल कल्याण समिति पदाधिकारी श्रीमती रिंकू चुरेरी, सुरेश चंदवानी, जितेश मालवीय, श्रीमती सलमा अंसारी ने बताया कि अभिभावकों दिनों में बालक के माता-पिता की तलाश की जाएगी और तय समय में परिवार नहीं मिलने पर जैसे एक्ट के अनुसार विधिमुक्त और दत्तकग्रहण की प्रक्रिया समेत की चलन में लाया जाएगा। समिति अध्यक्ष सारंगपुर शर्मा ने बताया कि जिस बालक का कोई नहीं उसकी बाल कल्याण समिति है। समिति स्तरीय हमेशा बच्चों के सर्वोत्तम हित में कार्य करने के लिए मुक्त संकल्पित है। इस मौके पर एसएनसीयू टीम सभी सहित दो माह तक का जैसी देखभाल करने वाली नर्सिंग व अन्य उपस्थित रहे।

जनसुनवाई के दौरान फर्जी टोकन पर कार्रवाई

डीआर संवाददाता ▪▪ आरोन नगर

केंद्रीय गंधी न्यायिकदिल्ली विधिक की जनसुनवाई के दौरान एक युवक दूसरे व्यक्ति का टोकन लेकर पहुंच गया। टोकन और आवेदन में नाम अलग मिलने पर विधिक ने उसे तुरंत बाहर करने के निर्देश दिए और एफआईआर दर्ज करने को कहा। कानून में अनियोजित जनसुनवाई में करीब 550 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 100 का मौके पर ही समाधान किया गया। विधिक ने कहा कि शेष आवेदनों की हर सप्ताह मॉनिटरिंग की जाएगी और समाधान होने पर संबंधित आवेदक को सूचना भेजी जाएगी। मीडिया से चर्चा में उन्होंने गैस सिलेंडर की समस्या पर अधिक पर निशाना साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से सलाह लेने की बात कही। इस दौरान उन्होंने 'स्कूल चले हम अभियान' के तहत छात्रों को पुस्तकें भी वितरित की। विभाग के कार्यक्रम के बाद वे अरोडनगर में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए और देर शाम दिशा समिति की बैठक एवं प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करने का कार्यक्रम रहा।

वर्चुअल बैठक संपन्न, प्रशिक्षण वर्ग 6 को

सुसनेर। भारतीय मंडल की कार्यकारी वर्चुअल बैठक शुक्रवार को मंडल अध्यक्ष डॉ. सौरभ जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष व मंडल प्रभारी आभा बोरवा और विशेष अतिथि प्रशिक्षण प्रभारी भूपेन्द्र शारदी मौजूद रहे। बैठक में 6 व 7 अप्रैल को होने वाले मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग और 6 अप्रैल को भारतीय स्थापना दिवस की तैयारियों पर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर भाजपा फहराकर सोशल मीडिया पर साझा करने के निर्देश दिए गए।